ट्रंप का बड़ा ऐलान- गोल्ड पर टैरिफ नहीं लगेगा

सोना 1400 रुपये तक सस्ता, एमसीएक्स पर गिरावट तेज

कस्टम ने गोल्ड पर भारी टैक्स की जताई थी आशंका

नई दिल्ली, 12 अगस्त. भारत और रूस से जारी तनातनी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गोल्ड पर टैरिफ नहीं लगाने का फैसला लिया है.'द वॉल स्ट्रीट जनरल' के मुताबिक, ट्रंप ने स्पष्ट किया कि सोने पर किसी तरह का टैक्स नहीं लगेगा. इससे पहले अमेरिकी कस्टम और सीमा सुरक्षा विभाग ने गोल्ड पर भारी टैक्स की आशंका जताई थी. ट्रंप का यह ऐलान ऐसे समय में आया है जब उन्होंने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है.

घरेलू बाजार में 1400 रुपये तक की गिरावट : ट्रंप के फैसले के बाद मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर गोल्ड की कीमत में सोमवार को 1409 रुपये या 1.38 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई. 999 शुद्धता वाला 10 ग्राम सोना 1,00,389 रुपये पर बंद हुआ, जो कारोबार के दौरान 1,01,199 रुपये तक पहुंचा था. एमसीएक्स पर सोने का लाइफ टाइम हाई 1,02,250 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जिसकी तुलना में कीमत 1861 रुपये सस्ती हो गई है.

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कीमत टूटी

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट कर कहा कि गोल्ड पर टैरिफ नहीं लगेगा। इस घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में गोल्ड फ्यूचर्स 2.48 प्रतिशत टूटकर 3,404.70 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुए।

22 और 20 कैरेट सोने में भी गिरावट

घरेलू बाजार में सोमवार को 24 कैरेट सोना 1,00,201 रुपये प्रति 10 ग्राम से गिरकर 99,957 रुपये पर बंद हुआ, यानी 244 रुपये की गिरावट।22 कैरेट सोना 97,560 रुपये और 20 कैरेट सोना 88,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

मुंबई से इंडिगो की दो नई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें

2 सितंबर से अल्माटी के लिए सीधी सेवा

दोनों उड़ानें सप्ताह में चार दिन उपलब्ध

नयी दिल्ली, 12 अगस्त (वार्ता) देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने सितंबर में मध्य एशियाई देशों के लिए मुंबई से दो नयी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है.

एयरलाइंस ने मंगलवार को बताया कि वह 01 सितंबर से उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद और 02 सितंबर से कजाकिस्तान के अल्माटी के लिए मुंबई से सीधी उड़ानें शुरू करेगी. दोनों उड़ानें सप्ताह में चार दिन होंगी. उड़ान संख्या 6ई 1821 मुंबई से सुबह 9.55 बजे ताशकंद के लिए रवाना होगी. यह सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध होगी. वापसी की उड़ान 6ई 1822 उसी दिन स्थानीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4.20 बजे ताशकंद से रवाना होकर रात 9.55 बजे मुंबई पहुँचेगी.

मुंबई से अल्माटी की उड़ान संख्या 6ई 1817 मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को शाम सात बजे रवाना होगी. वापसी में उड़ान संख्या 6ई 1818 सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को स्थानीय समय के अनुसार, रात 1.25 बजे अल्माटी से उड़ान भरेगी और सुबह 8.20 बजे मुंबई पहुँचेगी. दिल्ली से इन दोनों शहरों के लिए पहले से ही इंडिगो की उड़ानें उपलब्ध हैं.

जुलाई में गोल्ड ईटीएफ निवेश 40% घटा

नयी दिल्ली, 12 अगस्त. गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में निवेश जुलाई में इससे पिछले महीने के मुकाबले 40 प्रतिशत घटकर 1,256 करोड़ रुपये रहा. सोने की ऊंची कीमतों से जुड़ी खबरों को लेकर चिंताओं के कारण इसमें कमी आई. जुलाई के आंकड़े लगातार तीसरे महीने सकारात्मक निवेश को दर्शाते हैं. जर्मिनेट इन्वेस्टर सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष जोसेफ ने कहा कि पिछले दो वर्षों में मजबूत प्रदर्शन के बावजूद निवेशकों के लिए सोने की चाल का अनुमान लगाना मुश्किल है.

टैरिफ से हीरा-झींगा निर्यात पर चोट: रिपोर्ट

हीरा उद्योग का 25% राजस्व अमेरिका से

झींगा निर्यातकों का 48% कारोबार अमेरिकी बाजार

नयी दिल्ली, 12 अगस्त (वार्ता) बाजार अध्ययन और साख निर्धारण कंपनी क्रिसिल ने एक रिपोर्ट में कहा है कि अमेरीका द्वारा भारत पर लगाये गये अतिरिक्त आयात शुल्क का सबसे ज्यादा नुकसान हीरा, कालीन, झींगा और घरों के लिए टेक्सटाइल का निर्यात करने वाले उद्योगों को होगा.

क्रिसिल ने मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया कि 01 अगस्त से 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क के बाद 27 अगस्त से दंड स्वरूप लगने वाले आयात शुल्क के कारण अमेरिका को भारत से निर्यात काफी महँगा हो जायेगा. सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले सेक्टरों में हीरे की तराशी का काम करने वाला उद्योग, झींगा, चादर-पर्दे, कालीन आदि के निर्यातक शामिल हैं. इनके अलावा सिले-सिलाये वस्त्र, रसायन, कृषि-रसायन, पूँजीगत वस्तुओं और सौर पैनल का विनिर्माण भी काफी प्रभावित होगा.

रिपोर्ट में कहा गया है कि किस सेक्टर पर किस हद तक प्रभाव पड़ेगा यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसका अमेरिका में निर्यात कितना है और वह बढ़े आयात शुल्क में से कितना बोझ ग्राहकों पर डाल सकता है. उसने कहा है कि विभिन्न देशों में ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाये गये आयात शुल्क से वैश्विक व्यापार का तानाबाना पूरी तरह बदल जायेगा. क्रिसिल ने कहा है कि आने वाले समय में दोनों देशों के बीच किसी संभावित समझौते पर नजर रखनी होगी. साथ ही सरकार यदि प्रभावित सेक्टरों की सहायता के लिए आगे आती है तो आयात शुल्क की मार कुछ हद तक कम हो सकती है.

रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले वित्त वर्ष में भारत के माल निर्यात का करीब 20 प्रतिशत अमेरिका को किया गया था. हीरा तराशने वाले उद्योग के राजस्व का 25 प्रतिशत अमेरिका को किये गये निर्यात से प्राप्त हुआ. झींगा निर्यातकों के राजस्व का 48 प्रतिशत अमेरिका से आया. इसी प्रकार चादर-पर्दे आदि का 60 प्रतिशत और कालीन का 50 प्रतिशत निर्यात अमेरिका को किया जाता है.

मुनाफावसूली से संसेक्स-निफ्टी में गिरावट

368 अंक से गिरा संसेक्स

97 अंक से टूटा निफ्टी



मुंबई, 12 अगस्त (वार्ता) घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद आखिरी समय में हुई मुनाफा वसूली से प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुये.

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 368.49 अंक (0.46 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,235.59 अंक पर आ गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 97.65 अंक यानी 0.40 प्रतिशत टूटकर 24,487.40 अंक पर बंद हुआ. सोमवार को दोनों सूचकांक करीब एक प्रतिशत की बढ़त में बंद हुये थे.

निजी बैंकों और वित्तीय सेवा, रियलिटी और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही. टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्र की कंपनियों में भी बिकवाली हुई. ऑटो, आईटी, धातु और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही.

खुदरा महंगाई दर 1.55 % पर

नयी दिल्ली, 12 अगस्त (वार्ता) खाने-पीने की चीजों, विशेषकर सब्जियों और दालों की कीमतों में नरमी से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर लगातार नौवें महीने घटती हुई इस साल जुलाई में 1.55 प्रतिशत रह गयी.

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी आँकड़ों के अनुसार, इस जुलाई में खुदरा महँगाई दर 1.55 प्रतिशत रही जो जून 2017 के बाद का निचला स्तर है. इससे पहले जून 2025 में यह 2.10 प्रतिशत और जुलाई 2024 में 5.42 प्रतिशत दर्ज की गयी थी.

खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति की दर शून्य से 1.76 प्रतिशत नीचे रही जो जनवरी 2019 के बाद सबसे कम है. जून में यह शून्य से 1.01 प्रतिशत नीचे रही थी. महँगाई दर में कम की सबसे बड़ी वजह सब्जियों और दालों की कीमतों में एक साल पहले के मुकाबले आयी तेज गिरावट है. एक साल पहले की तुलना में सब्जियाँ 20.69 प्रतिशत और दालें तथा उनके उत्पाद 13.76 प्रतिशत सस्ते हुये. मसालों की कीमतों में 3.07 फीसदी और मांस तथा मछली के दाम में 0.61 फीसदी की कमी आयी.

भाजपा में अंदरखाने बड़ा घमासान

पटना. बिहार में भाजपा के अंदर बड़ा घमासान छिड़ा है. ऐसा लग रहा है कि सारे नेता चुनाव से पहले ही मुख्यमंत्री पद की अपनी दावेदारी पुख्ता करने में लगे हैं और इसके लिए वे अपने संभावित प्रतिद्वंद्वी को निपटा रहे हैं. अगर ऐसा नहीं होता तो जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को खुलासा करने के लिए न तो इतनी सामग्री मिलती और न इतनी सुविधा मिलती.

स्टार्टअप्स को सहारा देगा सरकार

हार्डवेयर और पैकेजिंग सेक्टर के शुरुआती उद्यमों को मिलेगा मार्गदर्शन

नयी दिल्ली, 12 अगस्त (वार्ता) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने हार्डवेयर, पैकेजिंग जैसे क्षेत्रों के प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप्स की सहायता और उन्हें मार्गदर्शन देने के लिए ज़ेप्टो प्रा.लि के साथ समझौता किया है.

समझौता ज्ञापन पर डीपीआईआईटी के निदेशक डॉ. सुमीत जारंगल और ज़ेप्टो के सह-संस्थापक कैवल्य वोहरा ने हस्ताक्षर किए. मंत्रालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि इस करार के तहत छह महीने के एकाग्र कार्यक्रम के माध्यम से स्टार्टअप्स की खोज और उनका मार्गदर्शन किया जाएगा. इस करार के तहत ज़ेप्टो 100 से अधिक भारतीय स्टार्टअप्स को अपनी आपूर्ति श्रृंखला में जोड़ेगा जिससे उन्हें उत्पादों को प्रदर्शित करने, बाजार तक पहुंच प्राप्त करने और अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए मंच मिलेगा.यह कार्यक्रम हार्डवेयर, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, पैकेजिंग और दीर्घकालिक विनिर्माण के क्षेत्रों में तकनीक विकसित करने वाले स्टार्टअप्स को ज़ेप्टो के वितरण और डिजिटल बुनियादी ढांचे का उपयोग करने की सुविधा देगा. इससे वे प्रोटोटाइप विकास से लेकर बाजार तक के लिए समाधानों का विकास कर सकेंगे. यह साझेदारी विशेषज्ञों के नेतृत्व में होने वाली कार्यशालाओं और स्टार्टअप इंडिया सहयोग के माध्यम से महिलाओं की मुख्य भूमिका वाले और छोटे मझोले स्टार्टअप्स की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी. डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा कि यूनिकॉर्न का समर्थन स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने के सबसे प्रभावशाली तरीकों में से एक है जो उन्हें सफल उद्यमों की यात्रा के बारे में जानकर सीखने में सक्षम बनाता है.

मस्क की एप्पल को चेतावनी : नईदिल्ली. अमेरिकी कारोबारी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने टेक कंपनी एप्पल पर बाजार प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुये कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है. यह मामला एक्सएआई के स्वामित्व वाले चैटबोट ग्रोक से जुड़ा है.

Phoenix ARC Private Limited

पंजीकृत कार्यालयः तीसरी मंजिल, वालेस टावर 139-140/बी/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे क्रॉसिंग, विले पार्ले (पूर्व) मुंबई - 400 057. दूरभाषः 022- 6849 2450, फैक्सः 022- 6741 2313
सीआईएनः U67190MH2007PTC168303 ईमेलः info@phoenixarc.co.in, वेबसाइटः www.phoenixarc.co.in.

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ। इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड - समनुदेशक के रूप में जाना जाता था) द्वारा ऋण के समनुदेशन के अनुसरण में फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड को गिरवी रखी गई निम्नलिखित संपत्ति, बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए "जैसी है जहाँ है, जैसी है और बिना किसी सहारे के" के आधार पर "ऑनलाइन ई-नीलामी" के माध्यम से बेची जाएगी, जैसा कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ SARFAESI अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नीचे विस्तार से बताया गया है। 2002) को वेबसाइटः www.phoenixarc.co.in/ के माध्यम से नीचे दिए गए विवरण के अनुसार खरीदा जा सकता है।

ई-नीलामी की तिथि और समयः 22-09-2025 / सुबह 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

स. क्र.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ऋण खाता	मांग सूचना की तिथि और राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य, ईएमडी और अंतिम तिथि
1	लैनः LXGUN00417-180058124 उधारकर्ताः अनार सिंह विश्वकर्मा शाखाः गुना सह-उधारकर्ताः लता बाई मैथिल	09-11-2022 रु. 6,25,913/- (छह लाख पच्चीस हजार नौ सौ तेरह मात्र)	सर्वे क्रमांक/606/1, वार्ड क्रमांक/05, नगर पंचायत कुंभराज, मध्य प्रदेश, कुंभराज, गुना, मध्य प्रदेश 473222	आरक्षित मूल्यः रु. 3,00,000/- (मात्र तीन लाख) अग्रिम जमाः रु. 30,000/- (मात्र तीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21.09.2025
2	लैनः LXBH000315-160013715 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः अशोक लक्ष्मण सिंह सिंह सह-उधारकर्ताः मंजू अशोक सिंह सिंह गारंटरः उत्तम परसराम मेश्राम	12-09-2017 रु. 11,55,803/- (ग्यारह लाख पचपन हजार आठ सौ तीन मात्र)	प्लॉट नंबर 264 ph नं. 38 इंपीरियल सिटी विकास खंड फंदा भोपाल इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप 462023 हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः 80,000/- रुपये (केवल अस्सी हजार रुपये) अग्रिम जमाः 8,000/- रुपये (केवल आठ हजार रुपये) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
3	लैनः LXBH000115-160017064 शाखाः भोपाल सह-उधारकर्ताः गंगूबाई छितू मौर्या उधारकर्ताः छितू सिंह मौर्य	13-12-2017 रु. 20,71,380/- (बीस लाख इकहत्तर हजार तीन सौ अस्सी मात्र)	प्लाट क्रमांक/137 संस्कार विहार कॉलोनी में मकान-ताजपुर महल वार्ड, सागर रोड, एनआर मुखर्जी नगर464551 रायसेन मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु. 5,00,000/- (केवल पाँच लाख) अग्रिम जमाः रु. 50,000/- (केवल पचास हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
4	लैनः LXBH000315-160015722 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः शाहिद शफीक शफीक सह-उधारकर्ताः जीनत शाहिद जहां	13-12-2017 रु. 17,67,404/- (रुपये सत्रह लाख सड़सठ हजार चार सौ चार मात्र	फ्लैट नंबर/एफ-203 प्लॉट नंबर/1982 एनडी फ्लोर, प्रकाश टावरकोशल नगर कॉलोनी, भेरोपुर, हुजूर भोपाल, टार रोड 462001 बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु. 1,50,000/- (केवल एक लाख पचास हजार) अग्रिम जमाः रु.15,000/- (केवल पंद्रह हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
5	लैनः LXSAG00116-170025890 शाखाः सागर उधारकर्ताः कृष्णकुमार राम मनोहर मिश्रा सह-उधारकर्ताः सीमा कृष्ण कुमार मिश्रा	09-06-2018 रु. 10,09,069/- (दस लाख नौ हजार उनत्तर रुपये मात्र)	ख.नं. 82/2 पर प्लॉट भाग 82/3, स्ट्रीट नंबर -71, मौजा-राजाखेड़ी, वार्ड नंबर 9, सरदार बल्लभ भाई वार्ड, दुर्गा नगर, रेलवे लाइन के पास दुर्गा नगर 470002 सागर सागर मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु. 3,00,000/- (केवल तीन लाख) अग्रिम जमाः रु. 30,000/- (केवल तीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
6	लैनः LXSAG00316-170030248 उधारकर्ताः मोहम्मद मुस्ताक मोहम्मद शाखाः सागर मुबीन उद्दीन सह-उधारकर्ताः सुल्ताना बेगम मोहम्मद मुस्ताक उद्दीन	22-10-2021 रु. 10,31,547/- (दस लाख इकतीस हजार पाँच एक सौ सैंतालीस मात्र)	प्लॉट पार्ट, ख नंबर 85/3, 85/4, 85/7, पीएच नंबर 49, मौजा बम्होरी, रेंगुआ, सुप्रीम हिल व्यू के सामने, गोविंद नगर, सागर, मध्य प्रदेश - 470002	आरक्षित मूल्यः रु. 2,00,000/- (केवल दो लाख) अग्रिम जमाः रु. 20,000/- (केवल बीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
7	लैनः LXBHO00116-170030513 शाखाः भोपाल उधारकर्ताःकमलेश कुमार हर प्रसादगौर सह-उधारकर्ताः लक्ष्मी बाई कमलेश कुमार गौड़	09-06-2018 रु. 13,28,563/- (रुपये तेरह लाख अट्ठाईस हजार पाँच सौ तिरेसठ मात्र)	ख.सं.119/1/1/1/002,182, 183, 189, 190,191,192,193 वार्ड क्रमांक 15, धनगवा कान्हा धाम परिसर, गैरतगंज रायसेन 464884 रायसेन रायसेन मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 14,00,000/- (केवल चौदह लाख) अग्रिम जमाः रु. 1,40,000/- (केवल एक लाख चालीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
8	लैनः LXBHO00416-170039013 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः राजकुमार वरेलाल यादव सह-उधारकर्ताः स्वाति राजकुमार यादव	24-03-2018 रु. 4,41,433/- (चार लाख इकतालीस हजार चार सौ तैंतीस मात्र)	प्लॉट नं 284 ख नं/39/1/1 गैरतगंज तह का हिस्सा गैरतगंज, जिला रायसेन 464884 रायसेन मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार मात्र) अग्रिम जमाः रु. 12,500/- (बारह हजार पाँच सौ मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
9	लैनः LXSAG00316-170045551 उधारकर्ताः संजीव कुमार केशरवानी शाखाः सागर सह-उधारकर्ताः रेखा केशरवानी	22-11-2018 रु. 16,41,344/- (रुपये सोलह लाख इकतालीस हजार तीन सौ चवालीस	के.एच. पर प्लॉट नं. क्रमांक 162/8, पी.एच.नं. 64, मौजा धर्म अष्ट्री, वार्ड नंबर -48, अम्बेटकर वार्ड, बालाजी मंदिर के पास, धर्मशास्त्री, अम्बेकर वार्ड, सागर, मध्य प्रदेश - 470002	आरक्षित मूल्यः रु.10,00,000/- (केवल दस लाख) अग्रिम जमाः रु.1,00,000/- (केवल एक लाख) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
10	लैनः LXBH000315-160017497 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः अनिल सिंह सह-उधारकर्ताः रमादेवी सिंह	12-09-2017 रु. 16,00,107/- (केवल सोलह लाख एक सौ सात रुपये मात्र)	फ्लैट नंबर टी-101, प्लॉट नंबर-123,तीसरी मंजिल पुष्पा अपार्टमेंट गूंज नगर कॉलोनी रतनपुर सड़क तहसील हुजूर, भोपाल 462001 भोपाल मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु. 3,50,000/- (मात्र तीन लाख पचास हजार) अग्रिम जमाः रु. 35,000/- (मात्र पैंतीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
11	लैनः LXSAG00316-170023170 शाखाः सागर, सह-उधारकर्ताः शयानबानो जाविद खान उधारकर्ताः जाविद हनीफ खान गारंटरः मनोज विनोद पांडे	21-12-2018 रु. 19,16,892/- (रुपये उन्नीस लाख सोलह हजार आठ सौ और बानवे मात्र)	पोल नं.ख.नं. 5/1 फोन नं.67 मौजा लालाई टूरी पगारा रोड सागर ताल और जिला 470002 मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु.10,00,000/- (दस लाख केवल) अग्रिम जमाः रु.1,00,000/- (एक लाख केवल) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
12	लैनः LXBH000314-150001798 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः विशु अरुण पंडित सह-उधारकर्ताः रेहाना विष्णु पंडित	12-09-2017 रुपये 21,54,755/- (इक्कीस लाख चौवन हजार सात सौ पचपन)	फ्लैट नंबर एस-102, दूसरी मंजिल, पुष्पा अपार्टमेंट, गुंज नगर कॉलोनी, प्लॉट नंबर 123, रतपुर सड़क, एनआर कान्हा फन सिटी, 462001 भोपाल भोपाल मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु. 3,50,000/- (केवल तीन लाख पचास हजार) अग्रिम जमाः रु. 35,000/- (केवल पैंतीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
13	लैनः LXBH000314-150002295 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः संतोष पांडु कुमार सह-उधारकर्ताः शीला संतोष सोनाने	13-12-2017 रु. 12,13,498/- (केवल बारह लाख तेरह हजार चार सौ अट्ठानवे रुपये)	फ्लैट नंबर-एफ-07 साई होमस्थर्ड फ्लोर ई मधुवनविहार कॉलोनी भोपाल 462001 भोपाल भोपाल मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु.1,00,000/- (एक लाख मात्र) अग्रिम जमाः रु.10,000/- (दस हजार मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21.09.2025
14	लैनः LXBH000314-150002411 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः आमेटा अनिल कुमार सक्सैना सह-उधारकर्ताः अनिल कुमार हनुमान पसाद सक्सैना	22-11-2018 रु. 15,14,248/- (पंद्रह लाख चौदह हजार दो सौ अड़तालीस)	फ्लैट नंबर-09 प्लॉट नंबर-286 तीसरी मंजिल साई होम्स मधुबन विहार कॉलोनी ग्राम भेरोपुर भोपाल भोपाल 462001 भोपाल भोपाल मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु.1,00,000/- (केवल एक लाख) अग्रिम जमाः रु.10,000/- (केवल दस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21.09.2025
15	लैनः LXBH000314-150002804 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः सुल्तान सिंह ठाकुर सह-उधारकर्ताः जूली सिंह	12-09-2017 रु. 21,67,648/- (रुपये इक्कीस लाख सड़सठ हजार छह सौ अड़तालीस मात्र)	फ्लैट नंबर-एफ 103 प्रथम तल पुष्पा अपार्टमेंट भोपाल 462001 भोपाल भोपाल मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु. 3,50,000/- (केवल तीन लाख पचास हजार) अग्रिम जमाः रु. 35,000/- (केवल पैंतीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
16	लैनः LXBH000114-150003116 उधारकर्ताः गजानन लक्ष्मणराव कुरुंभटे सह-उधारकर्ताः कुमुद गजानन कुरुंभटे शाखाः भोपाल	12-09-2017 रु. 22,79,209/- (रु. बाईस लाख उनयासी हजार दो सौ नौ मात्र)	फ्लैट नंबर/एस-103, दूसरी मंजिल, प्लॉट नंबर/123 पुष्पा अपार्टमेंट/गूंज नगर कॉलोनी, रतनपुर सड़क, तहसील-हुजूर, जिला/भोपाल एनआर/कान्हा पुन सिटी 462026 हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु. 3,50,000/- (केवल तीन लाख पचास हजार) अग्रिम जमाः रु. 35,000/- (केवल पैंतीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
17	लैनः LXBH000115-160003795 उधारकर्ताः भगवान माल्थू सिंह शाखाः भोपाल सह-उधारकर्ताः सुनीता भगवान सिंह	29-08-2017 रु. 20,60,081/- (रु. बीस लाख साठ हजार इक्यासी मात्र)	फ्लैट नंबर-एस-101, दूसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 123, पुष्पा अपार्टमेंट, गूंज नगर कॉलोनी, रतनपुर सड़क तहसील-हुजूर, जिला भोपाल कान्हा फन सिटी के पास 462021 भोपाल भोपाल मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु. 3,50,000/- (केवल तीन लाख पचास हजार) अग्रिम जमाः रु. 35,000/- (केवल पैंतीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
18	लैनः LXBH000115-160005447 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः कुसुम कोमल सिंह ठाकुर सह-उधारकर्ताः दीपक कोमल सिंह ठाकुर	12-09-2017 रु. 21,36,778/- (रु. इक्कीस लाख छत्तीस हजार सात सौ अठहत्तर मात्र)	फ्लैट नंबर एफ-102, पहली मंजिल, पुष्पा अपार्टमेंट, गूंज नगर कॉलोनी प्लॉट नंबर 123, एनआर लान्हा फन सिटी,462016 हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु. 3,50,000/- (मात्र तीन लाख पचास हजार) अग्रिम जमाः रु. 35,000/- (मात्र पैंतीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
19	लैनः LXBHO00417-180051631 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः भगवान सिंह शाक्य सह-उधारकर्ताः श्याम बाई शाक्य	06-07-2018 रु. 2,75,948/- (दो लाख पचहत्तर हजार नौ सौ अड़तालीस मात्र)	प्लॉट नंबर 141 का दक्षिणी भाग ख नं 313 का हिस्सा, 315/2/1/1 ग्राम गैरत गंज रायसेन 464884 मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु.1,00,000/- (केवल एक लाख) अग्रिम जमाः रु.10,000/- (केवल दस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21.09.2025
20	लैनः LXBHO00315-160016836 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः दीपक नागेंद्र झा सह-उधारकर्ताः रजनी दीपक झा	12-09-2017 19,05,395/- रुपये (उन्नीस लाख पाँच हजार तीन सौ पिनचानवे मात्र)	प्लॉट नंबर/123, तीसरी मंजिल, प्लॉट 123 पुष्पा अपार्टमेंट/गूंज नगर कॉलोनी रतनपुर रोड रतनपुर सड़क 462001 भोपाल मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु.3,50,000/- (तीन लाख पचास हजार मात्र) अग्रिम जमाः रु.35,000/- (पैंतीस हजार मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
21	लैनः LXSAG00317-180052183 शाखाः सागर उधारकर्ताः हरिश्चंद्र श्री प्रसाद विश्वकर्मा सह-उधारकर्ताः मायाबाई हरिश्चंद्र विश्वकर्मा	21-12-2018 10,76,630/- (दस लाख छिहत्तर हजार छह सौ तीस मात्र)	ख नं 85/3 85/4 85/7 फोन नंबर 49 मौजा बम्होरी रेंगुआ सागर तह एवं जिला सागर 470004 मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 2,00,000/- (केवल दो लाख) अग्रिम जमाः रु. 20,000/- (केवल बीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
22	लैनः LXSAG00216-170045562 शाखाः सागर उधारकर्ताः दिलीप कुमार गोविंद राम चावड़ा सह-उधारकर्ताः कविता बाई गोविंद राम चावड़ा	09-06-2018 5,74,652/- (पाँच लाख चौहत्तर हजार छह सौ बावन मात्र)	प्लॉट पार्ट ख.नं.85/3,85/4,85/7, फोन नं.49, मौजा-बम्हौरी रेंगुआ, सागर मध्य प्रदेश भारत 470004	आरक्षित मूल्यः रु. 2,00,000/- (दो लाख मात्र) अग्रिम जमाः रु. 20,000/- (बीस हजार मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
23	लैनः LXSAG00315-160020264 शाखाः सागर उधारकर्ताः राकेश कुमार राजेंद्र कुमार जैन सह-उधारकर्ताः हीराबाई राजेंद्र कुमार जैन	22-11-2018 रु. 10,84,163/- (दस लाख चौरासी हजार एक सौ तिरेसठ मात्र)	ख.नं.- 602/5 603/6 604/7 फोन नंबर-78 मौजा- पथरिया हाट, नं. जटा शंकर ढाबा खुरई रोड, सागर- 470002 मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 2,00,000/- (दो लाख मात्र) अग्रिम जमाः रु. 20,000/- (बीस हजार मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
24	लैनः LXSAG00316-170023583 शाखाः सागर उधारकर्ताः चन्द्रशेखर जगननाथ विश्वकर्मा सह-उधारकर्ताः श्यामबाई चन्द्रशेखर विश्वकर्मा	04-05-2019 रु. 4,66,977/- (चार लाख छियासठ हजार नौ सौ सत्ताहत्तर मात्र)	प्लॉट भाग ख नं 79/4 फोन नंबर 78 मौजा गडोली खुर्द सागर ताल और जिला सागर नई गल्ला मंडी के पास खुरई रोड गदोली खुर्द 470002 मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु. 2,00,000/- (केवल दो लाख) अग्रिम जमाः रु. 20,000/- (केवल बीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
25	लैनः LXSAG00316-170025762 शाखाः सागर उधारकर्ताः जीतेंद्रकुमार स्वामी प्रसाद सोनी सह-उधारकर्ताः साधना जीतेन्द्र सोनी	23-12-2020 रु. 11,27,524/- (ग्यारह लाख सत्ताईस हजार पाँच सौ चौबीस मात्र)	ख.सं. 85/3,85/4,85/7, फोन नंबर 49, सुप्रीम हिल व्यू के सामने, गोविंद नगर, मौजा - बम्होरी, रेंगुआ, सागर, भोपाल, मध्य प्रदेश - 470004	आरक्षित मूल्यः रु. 2,00,000/- (दो लाख मात्र) अग्रिम जमाः रु. 20,000/- (बीस हजार मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
26	लैनः LXSAG00316-170038172 शाखाः सागर उधारकर्ताः संदीप राजू राय सह-उधारकर्ताः राजू राणा राय	22-06-2018 रु. 16,11,957/- (सोलह लाख ग्यारह हजार नौ सौ सत्तावन मात्र)	ख.नं. 157, ph नं. -75,मौजा. भड़तूमा, वार्ड क्रमांक 18, शबरी वार्ड, मकरोनिया, tehsil एवं जिला. सागर पोल्ट्री फार्म के पास बड़टूमा मकरोनिया सागर 470004 मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रु. 4,00,000/- (केवल चार लाख) अग्रिम जमाः रु. 40,000/- (केवल चालीस हजार) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
27	लैनः LXSAG00316-170042252 शाखाः सागर उधारकर्ताः सुनील कुमार प्रेम नारायण सोनी सह-उधारकर्ताः सोनम सुनील कुमार सोनी	29-09-2018 रु. 6,44,784/- (छह लाख चौवालीस हजार सात सौ चौरासी मात्र)	प्लॉट भाग ख.नं. 85/3,85/4,85/7 स्ट्रीट नंबर -49 मौजा-बम्हौरी रेंगुआ सागर, तहसील और जिला-सागर (एमपी), सुप्रीम हिल व्यू के सामने, गोविंद नगर, भोपाल-47000128	आरक्षित मूल्यः रु.1,50,000/- (एक लाख पचास हजार मात्र) अग्रिम जमाः रु.15,000/- (पंद्रह हजार मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
28	लैनः LXSAG00316-170036589 शाखाः सागर उधारकर्ताः मोहित मनोज सोनी सह-उधारकर्ताः माधुरी मनोज सोनी	08-02-2022 12,76,640/- रुपये (बारह लाख छिहत्तर हजार छह सौ चालीस मात्र)	ख.नंबर 162/8, स्ट्रीट नंबर-64, वार्ड नंबर-48, अम्बेटकर वार्ड, बालाजी मंदिर के पास, सागर, मध्य प्रदेश - 470002	आरक्षित मूल्यः रु.4,00,000/- (चार लाख मात्र) अग्रिम जमाः रु.40,000/- (चालीस हजार मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
29	लैनः LXBH000117-180057441 शाखाः भोपाल उधारकर्ताः कमलेश विश्वकर्मा सह-उधारकर्ताः सुशीला बाई विश्वकर्मा	15-03-2019 4,37,294/- रुपये (चार लाख सैंतीस हजार दो सौ चौरानबे रुपये मात्र)	प्लॉट नंबर 93 और 94 ख नं 5/1/1/1 का हिस्सा ग्राम बंडोली, शिव मंदिर के पास, तहसील गैरतगंज जिला रायसेन 464881 मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु.1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार मात्र) अग्रिम जमाःरु.12,500/- (बारह हजार पाँच सौ मात्र)अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025
30	लैनः LXSAG00316-170050195 शाखाः सागर उधारकर्ताः श्रीचंद लालचंदानी सह-उधारकर्ताः रमेश कुमार लालचंदानी	24-05-2019 13,06,992/- रुपये (तेरह लाख छह हजार नौ सौ वानबे मात्र)	हाउस पार्ट ऑन केएच नंबर 311, ph नंबर 51, पाठक वार्ड, तहसील बीना, जिला सागर, मध्य प्रदेश - 464240	आरक्षित मूल्यः रु.10,00,000/- (केवल दस लाख) अग्रिम जमाः रु.1,00,000/- (केवल एक लाख) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 21-09-2025

ई-नीलामी के नियम और शर्तें: 1. नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है। बोलीदाता बोली संबंधी जानकारी और सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली फॉर्म के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स ARCA EMART PRIVATE LIMITED के वेब पोर्टलः https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं। इच्छुक खरीदार उसी पोर्टल पर नीलामी के नियम और शर्तें और प्रक्रिया देख सकते हैं और तरुण रघुवंशी 9329414448 और विजय सिंह 9372505110, शैलेश अयंगर 9833801159 से संपर्क कर सकते हैं, विवरण उपर्युक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध हैं और उनके केंद्रीकृत हेल्प डेस्कः + 91 83709 69696, ई-मेल आईडीः contact@auctionbazaar.com पर संपर्क कर सकते हैं। 2. सभी इच्छुक क्रेता/बोलीदाताओं को उपरोक्त पोर्टल https://www.auctionbazaar.com/ पर अपना नाम पंजीकृत कराना होगा और उपरोक्त तिथि और समय पर ई-नीलामी में भाग लेने के लिए निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा। 3. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक क्रेता/बोलीदाताओं को सुरक्षित संपत्ति के आरक्षित मूल्य के 10% की वापसी योग्य बयाना राशि के भुगतान का विवरण, पैनकार्ड की प्रतियों, कंपनी के मामले में बोर्ड के प्रस्तावों और पते के प्रमाण के साथ उपरोक्त ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि तक या उससे पहले जमा करना होगा। इच्छुक क्रेता/बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित प्रत्येक वस्तु/संपत्ति के लिए अलग-अलग ईएमडी जमा करनी होगी। 4. नीलामी के किसी भी चरण में, प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्व सूचना के बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/संशोधित/रद्द कर सकता है या नीलामी स्थगित कर सकता है। 5. सफल क्रेता/बोलीदाता को लागू कानून के अनुसार सुरक्षित संपत्ति को अपने पक्ष में हस्तांतरित/सुपुर्द करवाने के लिए देय सभी वैधानिक बकाया, कर, देय शुल्क, क्रय मूल्य पर लागू जीएसटी, स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि का भुगतान करना होगा। 6. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, भार, नीलामी में रखी गई सुरक्षित संपत्ति के स्वामित्व और सुरक्षित संपत्तियों को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकायों, जिनमें वैधानिक बकाया आदि शामिल हैं, के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। नीलामी विज्ञापन फीनिक्स की किसी भी प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही करेगा। फीनिक्स का अधिकृत अधिकारी किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। 7. संभावित/इच्छुक बोलीदाता को यह वचन देना होगा कि वह दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 29 (ए) के प्रावधानों के अनुसार अयोग्य नहीं है और केवाईसी दस्तावेजों के साथ ऐसा वचन देने में विफल रहने पर उसे स्वतः ही अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा या उसकी बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।

स्थानः मध्य प्रदेश
दिनांकः 13.08.2025

अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा

एसडी/-,
प्राधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड

नाम परिवर्तन आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, अंजना रानी पत्नि रोशनलाल सचदेवा, पुत्री-स्व. कृष्णलाल, पैत्रिक वर्तमान हाल निवास-3/22, राम मंदिर के सामने, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, भोपाल (म.प्र.)-462001 में वर्तमान हाल निवासरत हूँ। तथा मेरा बचपन का पूर्व नाम-हरदीप कौर पुत्री स्व. कृष्णलाल, के नाम की मेरी पैत्रिक कृषि भूमि डामडोगरी, की भूमि में त्रुटिवश अंकित हो गया है। तथा मेरी शादी के बाद मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा वर्तमान सही नाम-अंजना रानी (ANJNA RANI) पत्नि रोशन लाल सचदेवा, पुत्री स्व. कृष्णलाल, अंकित है, तथा यही सही नाम यह राजपत्र में आम सूचना प्रकाशन के उपरांत उक्त मेरी पैत्रिक कृषि भूमि में व अन्य सभी दस्तावेजों में अंकित किया जावे। एवं इसी नाम से हमेशा-हमेशा के लिये जाना पहचाना जावे।

पूर्व नाम (हरदीप कौर)
वर्तमान परिवर्तित नाम (अंजना रानी)

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व में मेरे पासपोर्ट में मेरा और पिता का नाम **SHERU S/O SALAMUDDIN IMAMUDDIN** था जो गलत है मेरा और पिता का सही नाम **SHERU SALAMUDDIN S/O SALAM UDDIN** है अतः अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना वह पहचाना जावे।

Add 26/1 Shifa Manzil Nakkar Kahana,Malipura, Huzur, PO Bhopal G.P.DIST Bhopal M.P. 462001